nt>

Title: Need to allocate adequate funds for early start of work on Indore-Dahod-Godhara railway line of western Railways - Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत(शाजापुर): पश्चिम रेलवे के अन्तर्गत सन 1988-89 से मक्सी - इन्दौर दाहोद गोधरा रेलवे लाइन स्वीकृत है, किन्तु बजट प्रावधान के अभाव में इस स्वीकृत रेलवे लाइन का इन्दौर से दाहोद गोधरा के बीच का काम प्रारम्भ नहीं हो सका है। जनहित देशहित व रेलवे के हित में उक्त रेल लाईन का काम शीघ्र प्रारम्भ किया जाकर इस कार्य को पूर्ण करना आवश्यक है।

अतः मैं भारत सरकार के रेल मंत्रालय से मांग करता हूं कि इन्दौर दाहोद गोधरा रेलवे लाईन डालने हेतु पर्याप्त बजट प्रावधान किया जाकर कार्य प्रारम्भ करवाया जाए।